दिन—शुक्रवार दिनांक— 20/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के चौथे चरण का आज अंतिम दिन है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने गयाजी जिले में सात सौ चौंतीस करोड़ रुपये की लागत वाली छह सौ तिरानवे परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। गया में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी समेत कई विधायक मौजूद थे। वहीं, आज ही मुख्यमंत्री औरंगाबाद में छह सौ अड़सठ करोड़ रुपये की लागत वाली दो सौ बासठ योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

————————————————————

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन इस महीने के अंत तक प्रकाशित किया जायेगा। बिहार लोक सेवा आयोग के सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग से जो भी बदलाव किये जाने थे, उसका प्रस्ताव मिल गया है। इस बार जिलावार रिक्तियां निकाली जायेंगी। अभ्यर्थियों को सभी अड़तीस जिलों का विकल्प भरने का मौका दिया जायेगा। गौरतलब है कि चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत छियालीस हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां होनी है।

————————————————————

ईद—उल—फित्र और अलविदा जुम्मा के अवसर पटना उच्च न्यायालय आज बंद है। न्यायालय के महानिबंधक प्रदीप कुमार मलिक ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर उच्च न्यायालय को बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

————————————————————

आज विश्व गौरैया दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी को बढ़ाने के संबंध में जागरूकता और संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देना है। गौरैया कीटों की आबादी को नियंत्रित करने के साथ ही पौधों में परागण करके पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने

अपने संदेश में कहा है कि बिहारवासियों को अपने राजकीय पक्षी के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।

———————————————————

योजना और विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एन. विजयलक्ष्मी ने कहा है कि बिहार में लगभग दो करोड़ पच्चीस लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। पटना में आयोजित सतत विकास लक्ष्यों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि यह राज्य की विकास और कल्याणकारी योजनाओं के कारण संभव हो सका है।

———————————————————

प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बिहार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारह मार्च से अठारह मार्च के बीच एलपीजी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के मामले में अठारह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, चार सौ बहत्तर सिलेंडर जब्त किये गये हैं। साथ ही कालाबाजारी में शामिल छब्बीस लोगों की पहचान करते हुये उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————

अररिया व्यवहार न्यायालय की अदालत ने शराब तस्करी के दोषी एक व्यक्ति को पांच साल की कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है।

———————————————————

पश्चिम चंपारण के पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने बताया है कि बेतिया थाना क्षेत्र में चोरी के चौबीस टन चावल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

———————————————————

मुंगेर जिले के मध्य विद्यालय सजुआ के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव ने बताया कि विद्यालय में आपत्तिजनक गतिविधियों के कारण प्राचार्य के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

——————————————————————————

विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर सीतामढ़ी के सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने सदर अस्पताल से यक्ष्मा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एक सौ पचास से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।